पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर
——————

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में किया ध्वजारोहण

————————

राज्यपाल ने स्वच्छता एवं नवाचार का किया आह्वान

————————

गृह मंत्रालय भारत सरकार के अति उत्कृष्ट, उत्कृष्ट तथा सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित राजभवन के सुरक्षा कर्मियों को बैच लगाकर सम्मानित किया

——————————

राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली को किया रवाना

————————

लखनऊः 15 अगस्त, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा सलामी ली। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद राज्यपाल जी ने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा बलों से स्वाधीनता दिवस की बधाई का आदान–प्रदान किया।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में देश की स्वतंत्रता और इसके महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए स्वच्छता एवं नवाचार आवश्यक है। उन्होंने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अध्यासितों से स्वच्छता एवं नवाचार की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और किसी भी कार्य को एक दूसरे पर डालने के बजाए उसे पूर्णता के साथ सम्पादित करना चाहिए। उन्होंने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनने तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित

भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी को राजभवन के नवाचारों एवं नवनिर्माण पर आधारित ''हमारा राजभवन'' पुस्तक प्रदान की तथा राजभवन के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राजभवन के नवनिर्माण को देखने एवं पूर्व के सापेक्ष राजभवन में आये बदलाव का मूल्यांकन करने को कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने गृह मंत्रालय भारत सरकार के उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित राजभवन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अजय त्रिपाठी को सम्मानित किया। श्री त्रिपाठी पूर्व में भी राष्ट्रपति, भारत सरकार की सराहनीय सेवा पदक एवं संयुक्त राष्ट्र शांति पदक से सम्मानित हो चुके हैं। राज्यपाल जी ने अति उत्कृष्ट, उत्कृष्ट तथा सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित राजभवन के 08 सुरक्षा कर्मियों को भी बैच लगाकर सम्मानित किया। इन सुरक्षा कर्मियों में उप निरीक्षक विनय कुमार राय, मुख्य आरक्षी सुनील कुमार सिंह, बनारसी लाल, राणा प्रताप सिंह, करतार सिंह को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, मुख्य आरक्षी अमित कुमार सिंह को उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उप निरीक्षक अवधेश कुमार तिवारी एवं मुख्य आरक्षी प्रद्युम्न कुमार सिंह को राष्ट्रपति भारत सरकार की सराहनीय सेवा से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी सहित राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में आज राजभवन से राज्यपाल जी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा बाइक रैली को झण्डा दिखाकर रवाना किया एवं रैली में राज्यपाल जी ने स्वयं भी प्रतिभाग किया। रैली में राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, राजभवन में अध्यासित परिवारों के सदस्यों

ने वंदे मातरम एवं भारत माता की जयघोष करते हुए देश प्रेम के जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। यह रैली राजभवन के कैक्टस हाउस से प्रारम्भ होकर हजरतगंज, परिवर्तन चौराहा, कैसरबाग, लालबाग, बापू भवन सचिवालय होते हुए राजभवन के गेट नं0–08 से होकर कैक्टस हाउस, राजभवन पर आकर समाप्त हुई।

————————

कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250